# माइक्रोफाइनेंस कंपनी के मालिक की हत्या के मामले में एजेंट समेत 2 गिरफ्तार

**कुल्टी।** आसनसोल के कुल्टी थाना क्षेत्र के चिनाकुड़ी में हुए शूटआउट के मामले में पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। नियामतपुर फाडी की पुलिस ने उक्त कम्पनी के एजेंट शिवनाथ रजक तथा हत्यारे दीप बाउरी को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि गत 14 अप्रैल को चीनाकुड़ी में माइक्रोफाइनेंस कंपनी के मालिक उमाशंकर चौहान की उनकी ऑफिस के भीतर ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर ने दिनदहाड़े ऑफिस में घुसकर फायरिंग की थी और फरार हो गया था। तब से पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी। आखिरकार पुलिस को इस मामले में सफलता



**डीसी आशीष मौर्य ने बताया कि रुपए के लेनदेन से जुड़े विवाद को लेकर उमाशंकर चौहान की हत्या हुई है इसमें और कुछ लोगों की संलिप्तता सामने आई है**

हाथ लगी है। नियामतपुर फाडी की पुलिस ने शिवनाथ रजक व दीप बाउरी को गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला है कि शिवनाथ रजक निजी माइक्रो फाइनेंस कंपनी के मालिक उमाशंकर चौहान के लोन का पैसा वसूल करता था और उस कलेक्शन का एक बड़ा हिस्सा उमाशंकर को नहीं मिलता था। उसके बारे में माइक्रोफाइनेंस कंपनी के मालिक उमाशंकर चौहान को पता चल गया था। आरोप है कि इसके बाद शिवनाथ रजक ने कंपनी के मालिक उमाशंकर चौहान को रास्ते से हटाने की योजना तैयार की। उसी के मुताबिक ऑफिस में घुसकर उनकी हत्या कर दी गई। इस बारे में आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के वेस्ट जॉन के डीसी आशीष मौर्य ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि रुपए के लेनदेन से जुड़े विवाद को लेकर उमाशंकर चौहान की हत्या हुई है इसमें और कुछ लोगों की संलिप्तता सामने आई है और उन्हें भी गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। कुल्टी थाने की नियामतपुर फाडी की पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि घटना में कोई और भी शामिल है या नहीं। दोनों आरोपियों को आसनसोल जिला अदालत में पेश किया गया।

## आसनसोल में तेज तूफान के कारण शादी का पंडाल क्षतिग्रस्त, दक्षिण बंगाल में लू को लेकर रेड अलर्ट



**आसनसोल।** एक तरफ जहां आसनसोल शिल्पांचल के लोग भीषण गर्मी एवं लू से परेशान है। वहीं दूसरी तरफ मंगलवार की रात आए तूफान के कारण आसनसोल शिल्पांचल के कई हिस्सों में भारी नुकसान हुआ है। आसनसोल के ईस्माईल गुरु नानक पाली इलाके में तेज तूफान की चपेट में आने से शादी समारोह में बनाया गया एक पंडाल उखड़ गया। तूफान की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पानी से भरी हुई एक टंकी उड़कर छत से नीचे गिर गई। वही शादी का पंडाल भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शादी समारोह के लिए घर की छत पर पंडाल बनाया गया था। परंतु अचानक तूफान आया और पूरा पंडाल क्षतिग्रस्त हो गया। पानी से भरी टंकी भी छत से नीचे गिर गई। बताया जाता है कि बुधवार की रात शिल्पांचल के कुछ इलाकों में तेज तूफान के साथ हल्की बूंदाबांदी भी हुई। तेज गरज के साथ बारिश की कुछ बूंदे गिरी। लेकिन उससे गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिली। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान अभी और बढ़ेगा तथा भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप जारी रहेगा। फिलहाल लोगों को राहत मिलने की संभावना कम है। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार से कोलकाता और दक्षिण के कुछ अन्य जिलों में लू चलेगी। मौसम कार्यालय ने कहा कि कोलकाता में रविवार तक गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। लू के चलते सभी दक्षिण बंगाल के जिलों में रविवार तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बुधवार और गुरुवार को पूर्व मिदनापुर, पश्चिम मिदनापुर, बांकुरा और पश्चिम बर्दवान जिलों में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में रविवार तक भीषण गर्मी और असहज मौसम के साथ लू का प्रकोप जारी रहेगा।

## एआईएलआरएसएस ने विभिन्न मांगो को लेकर विरोध प्रदर्शन करने के बाद सौंपा ज्ञापन

**आसनसोल।** बुधवार को ऑल इंडिया लोको रिनंग स्टाफ एसोशियसन के केन्द्रीय संगठन के आह्वान पर पूरे भारत-बर्ष के मंडल अथवा लोको शेड के सामने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया जिसका नाम ₹मुण्डी डगरम है₹। एसोसिएशन के सदस्यों ने मुख्य मांगो को आसनसोल शेड के सीनियर डीईई/टीआरएस के साथ सकारात्मक बातचीत करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, सीनियर डीईई/ओपीएन, सीनियर डीएसओ एवम् सीनियर डीओएम आसनसोल को भी मेमोरण्डम दिया गया। जिसमे 1.सभी लोको में एसी लगना चाहिए, 2. टूल्स को लोको में फिट करे, 3. एफएसडी को लोको में फिट करे, 4. लोको में शौचालय की व्यवस्था किया जाए, 5. रिनंग कर्मचारियों से 01 घण्टे से ज्यादा काम कराना बंद किया जाए सहित मांगो को मेमोरण्डम मे शामिल किया गया। मौके पर मंडल सचिव अवधेश प्रसाद, शाखा अध्यक्ष पी? के? सिंह, सहायक मंडल सचिव- रणधीर कुमार, वीरेन्द्र कुमार, एसके गुप्ता, मो. इमरान , इत्यादि मौजूद थे।

## मेयर ने जनता से की अपील, पानी बर्बाद ना करें, गहराता जा है जल संकट

**आसनसोल।** आसनसोल नगर निगम के मासिक बोर्ड बैठक का आयोजन बुधवार को नगर निगम सभागार में किया गया द्य यह बैठक चेयरमैन अमरनाथ चट्टोपाध्याय के अध्यक्षता में की गई द्य यहां मुख्य रूप से मेयर विधान उपाध्याय, उपमेयर वसीम उल हक, अभिजीत घटक सहित प्रायः सभी वार्डों के पार्षद उपस्थित थे द्य बैठाक में जल संकट का मुद्दा छाया रहा द्य प्रायः सभी पार्षदों की एक ही शिकायत थी कि लोगों की जलापूर्ति नहीं हो पा रही है द्य बैठक के बारे में जानकारी देते हुए मेयर विधान



उपाध्याय ने कहा कि गर्मी का आलम यह है कि, सभी नदी तलाव सूख गए हैं द्य घर के कुएं भी सूख रहे हैं द्य हैंड पंप से भी जल सही से नहीं निकल रहा है द्य जिससे लोगों में पानी की समस्या बढ़ती जा रही है द्य यहां तक निदयों के पानी सूख रहे हैं आने वाले समय में जल का संकट गहराता जायेगा द्य इसे लेकर सभी पार्षदों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने क्षेत्र में निगरानी रखें ताकि कोई गैर कानूनी तरीके मोटर लगा कर पानी ना टाने द्य कई जगह पर देखा जाता है कि पानी नालो में व्यर्थ ही बहता रहता हैं द्य ऐसे नालों पर लॉक लगाया जाये द्य इसके अलावा मेयर विधान उपाध्याय ने आसनसोल नगर निगम अंतर्गत पड़ने वाले सभी क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि, वह बिना किसी कारण पानी व्यर्थ में ना गिराए, आपके ही इस क्षेत्र में ऐसे कई जगह है जहां लोग पानी के लिए तरस रहे ।

## ईआरएमसी आसनसोल शाखा ने विभिन्न मांगो को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**आसनसोल।** बुधवार को ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस (ईआरएमसी )आसनसोल जोन की ओर से विभिन्न मांगो को लेकर संयुक्त गार्ड एवं चालक लॉबी के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। जहाँ रिनंग स्टॉफ पर प्रबंधन द्वारा अत्याचार करने के विरोध में यह प्रदर्शन करना पडा। रिनंग स्टॉफ गार्ड और ड्राइवर को लेकर नियम है कि 8 घंटा ड्यूटी करने के बाद इन्हे 16 घंटा आराम दिया जाना चाहिए किन्तु देखा जाता है, इन्हे 16 घंटा के पहले ही कॉल कर दिया जाता है। सप्ताह में 104 घंटा रेस्ट होता है इसे भी नहीं दिया



जाता है। 45 डिग्री से ऊपर के तापमान में हमारे रिनंग स्टॉफ जी जान से कार्य करते है। ऐसे में उनके हक की रेस्ट में भी उन्हें खटाया जा रहा है। यँहा तक 14 घंटे ड्यूटी करने के बाद 12 घंटा जोडा जाता है। ये पूरी तरह से प्रबंधन द्वारा रिनंग स्टॉफ पर टॉर्चर किया जा रहा है। जिससे रिनंग स्टॉफ मानिसक रूप से अवसाद में जा रहें है। हमलोगो के साथ जो ये मानिसक अत्यचार हो रहा है उसी के बिरुद्ध हमारा ये आंदोलन है। जो भी सरकारी नियम है उसे माना जाये द्य अन्यथा आंदोलन बडा रूप लेगा।

## गर्मी से बचाव: पेयजल सुनिश्चित करने के लिए आसनसोल मंडल ने किया सक्रिय उपाय

**आसनसोल।** तापमान में वृद्धि के कारण पूर्व रेलवे का आसनसोल मंडल यात्रियों को पेयजल का सुलभ स्रोत उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है और इसके तहत आसनसोल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर भी सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।मौजूदा गर्मी के मौसम के दौरान सम्मानित यात्रियों को राहत प्रदान करने के लिए आसनसोल मंडल/पूर्व रेलवे द्वारा पूरे मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर गुणवत्तापूर्ण पेयजल के वितरण की व्यवस्था की गयी है। इस नेक पहल को आसनसोल मंडल के स्काउट्स एंड गाइड के स्वयंसेवकों, न्यू कॉलोनी ग्रुप, आसनसोल मंडल के मधुपुर स्टेशन के कर्मचारियों की सिक्रय सहज भागीदारी के साथ क्रियान्वित किया गया है। चिलचिलाती गर्मी यात्रियों, विशेषकर बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों पर बेहद भारी पड़ रही है। चिंताजनक स्थिति को ध्यान में रखते हुए, आसनसोल मंडल ने यह सुनिश्चित करने के लिए सिक्रय कदम उठाया हैं कि हर किसी को शुद्ध पेयजल मिले।

## गुप्ता कॉलेज में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**आसनसोल ।** आसनसोल के आश्रम मोड़ स्थित गुप्ता कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजिकल साइंस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर कल्याण कुमार सेन ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गुप्ता कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। और उन कार्यक्रमों के पहले दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कॉलेज के एनएसएस ग्रुप के सहयोग से और कॉलेज के सभी के योगदान से इस शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर से कुल 55 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया था। उन्होंने बताया कि शहर मे रक्त कि कमी होने पर कॉलेज की तरफ से कभी भी रक्तदान शिविर का आयोजन हो जाता है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के छात्रों द्वारा हर साल इस शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें कॉलेज के शिक्षकों का भी भरपूर योगदान रहता है। वह चाहते हैं कि इस कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थी अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति भी सचेत हो और इसीलिए इस शिविर का आयोजन किया जाता है। जिला अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट डॉ निखिल चंद्र दास ने कहा कि अस्पताल मे से बात की तो उन्होंने कहा कि आसनसोल जिला अस्पताल से रोजाना तकरीबन 60 से 70 यूनिट रक्त की जरूरत पड़ती है यहां पर थैलेसीमिया कैंसर रोगियों का इलाज होता है, प्रसुति माताओं को खुन की जरूरत होती है इस वजह से जितने भी इस तरह के रक्तदान शिविरों का आयोजन हो वह अच्छा है।

## एनएच 60 के चकड़ोला मोड़ पर किए सघन वाहन जांच



**जामुड़िया।** भारत के सबसे बड़ी लोकतंत्र की चुनावी बिगुल बज गई है।इसी क्रम में चुनाव आयोग के निर्देश के साथ ही चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है।आसनसोल लोकसभा सीट के लिए प्रार्थियों द्वारा आज से नामांकन दाखिल किया जाने लगा है।वही इस बीच में प्रशासन ने भी कमर कस तैयारी शुरू कर दिया गया है। रानीगंज सिउड़ी एनएच 60 के चकड़ोला मोड़ के पास प्रतिदिन जामुडिया ब्लॉक कार्यालय से एक अधिकारी तथा केंदा पुलिस फाड़ी के अधिकारी नाका चेचेकिंग में मुस्तैद रहते है।बुधवार को भी सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक प्राय सभी बड़ी छोटी की गाड़ियों की जघन्य जांच किया गया।लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र किसी भी कोई अवैध कराबोर ना हो अथवा इसपर रोकथाम लगाई जाये इसके लिए चुनाव के दौरान विविध नियमों का पालन होता है।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव में पहुंचे भाजपा प्रत्याशी एस एस अहलूवालिया

**आसनसोल ।** जीटी रोड बड़ा पोस्ट ऑफिस के पास स्थित श्री श्री महावीर स्थान मंदिर में श्री श्री 1008 संकट मोचन सिद्धपीठ महावीर स्थान कमेटी की ओर से मंगलवार श्री हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से मनमोहक श्रृंगार, सवामनी, अखंड ज्योत, छप्पन भोग लगाया गया। शाम से सामुहिक सुंदरकांड पाठ किया गया। उसके बाद कीर्तन आरंभ हुआ। रात्रि 8 बजे से प्रसाद वितरण किया गया।



देर रात तक भजनों की अमृत वर्ष हुई। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी एसएस अहलूवालिया भी पूजा करने मंदिर देर रात पहुंचे। इस इलावा निगम के चेयरमैन अमरनाथ चटर्जी, महावीर स्थान सेवा समिति के सचिव अरुण शर्मा, भाजपा ट्रेड सेल के को कन्वेनर मिठू घांटी, वार्ड 44 के तृणमूल वार्ड कमेटी अध्यक्ष मुकेश शर्मा, श्री श्री 1008 संकट मोचन सिद्धपीठ महावीर स्थान कमेटी संजय जालान, पारस सोनकर, अरविंद साव, प्रदीप अग्रवाल, शंभू धीवर, भुनेश्वर भगत, मोहन गुप्ता, विवेक बरनवाल, अंकित खेतान, मनोज वैध्य व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## रांची-भागलपुर-रांची ग्रीष्मकालीन स्पेशल के समय में संशोधन

### चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी

**आसनसोल।** रेलवे ने 08014/08013 रांची-भागलपुर-रांची ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन के समय को संशोधित करने का निर्णय लिया है, जिसे पहले अधिसूचित किया गया था। 08014 रांची - भागलपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल 25.04.2024 से 27.06.2024 (10 ट्रिप) के बीच प्रत्येक गुरुवार को 23:25 बजे रांची से रवाना होगी और अगले दिन 12:00 बजे भागलपुर पहुंचेगी और 08013 भागलपुर - रांची स्पेशल 26.04.2024 से 28.06.2024 (10 ट्रिप) के बीच प्रत्येक शुक्रवार को भागलपुर से 14:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 03:30 बजे रांची पहुंचंगी। यह स्पेशल ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार में आसनसोल मंडल के चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान श्रेणी और वातानुकूलित श्रेणी के डिब्बे होंगे।

## मायुमं आसनसोल सिटी शाखा के सदस्यों ने रेलवे स्टेशन पर आये राहगीरों को पिलाया ठंडा पानी

**आसनसोल ।** मारवाड़ी युवा मंच आसनसोल सिटी शाखा की ओर से आसनसोल प्लेटफार्म संख्या दो पर आसनसोल रेल मंडल के सहयोग से प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच आसनसोल सिटी शाखा के सचिव संदीप दारूका ने बताया कि आसनसोल रेल मंडल के अनुरोध पर आसनसोल प्लेटफार्म संख्या दो पर विभिन्न रेल गाड़ियों के यात्री एवं आम यात्रियों को इस भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए मारवाड़ी युवा मंच आसनसोल



सिटी शाखा के द्वारा निशुल्क ठंडे पानी की व्यवस्था की गई। जैसा कि सभी जानते हैं आसनसोल में भीषण गर्मी पड़ रही है। इस वजह से ठंडे पानी की जरूरत गर्मी के समय में अक्सर देखने को मिलती है, ऐसी परेशानी से आम लोगों को निजात दिलाने के लिए मारवाड़ी युवा मंच आसनसोल सिटी शाखा ने रेल प्रशासन के साथ मिलकर यह कदम उठाया श्री दारूका ने यह भी बताया कि ऐसा अस्थाई कैंप विभिन्न प्लेटफार्म पर मारवाड़ी युवा मंच आसनसोल सिटी शाखा के सहयोग से आने वाले कुछ दिनों तक चलता रहेगा, जिससे की रेल में सफर कर रहे यात्रियों को ठंडा पानी का आनंद मिल सके। इस अवसर पर आसनसोल रेल मंडल के सहायक वाणज्यि प्रबंधक बीके शर्मा, सीटीआई (टिकट जांच) देवासी चक्रवर्ती, स्टेशन प्रबंधक वाणज्यि श्री प्रमोद सिंह सीटीआई आसनसोल श्री तनु दत्ता एवं आसनसोल स्टेशन के प्रबंधक ए राजा रेल मंडल की ओर से उपस्थित थे, वहीं मारवाड़ी युवा मंच आसनसोल सिटी शाखा की ओर से शाखा के सचिव संदीप दारूका, वरिष्ठ सदस्य एवं अमृत धरा प्रकल्पा के संयोजक अभिषेक केडिया, पूर्व प्रांतीय कोषाध्यक्ष आनंद पारीक युवा सदस्य विनय मीहारिया, समाजसेवी अरु ण अग्रवाल (वर्णपुर), युवा समाजसेवी एवं उद्योगपति श्री सुजीत गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## 27 अप्रैल को सीएम के आगमन पर मंत्री ने सुरक्षा पहलुओं का दौरा कर किया जांच

**आसनसोल ।** आगामी 27 अप्रैल को राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आसनसोल के दौरे पर आ रही है। वह यहां उषा ग्राम बॉयज स्कूल मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। इसे लेकर अभी से प्रशासन की तरफ से तैयारी की जा रही है। बुधवार को मंत्री मलय घटक आसनसोल नगर निगम के चेयरमैन अमरनाथ चटर्जी आसनसोल दक्षिण थाना प्रभारी कौशिक कुंडू जिला परिषद उप सभाधिपति विष्णु देव नोनिया ने तथा आसनसोल नगर निगम के एमएमआईसी गुरदास चटर्जी सहित आसनसोल नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और साउथ थाने के अधिकारियों की एक टीम ने उषा ग्राम बॉयज स्कूल मैदान का दौरा किया। इस संदर्भ में आसनसोल नगर निगम के चेयरमैन अमरनाथ चटर्जी ने कहा कि बंगाल को बचाने के लिए ममता बनर्जी की आवश्यकता है और वह आसनसोल आ रहीं हैं और उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में सभी को सावधान रहने की आवश्यकता है।ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की आवश्यकता है। वहीं गुरदास चटर्जी ने कहा कि ममता बनर्जी के सभा को देखते हुए और इस भीषण गर्मी को देखते हुए व्यापक तैयारी की जा रही है। 20000 पानी के पैकेट रखे जाएंगे एंबुलेंस रखा जाएगा ताकि अगर कोई बीमार होता है तो उसे तुरंत अस्पताल ले जाया जा सके।

# भाजपा प्रत्याशी अहलूवालिया ने कहा कि वे पतन प्रदूषण और पुनर्वास को लेकर रहेंगे सक्रिय



**अंडाल।** आसनसोल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एसएस अलुवालिया ने बुधवार को अंडाल ब्लॉक क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। इस दिन उन्होंने मदनपुर ग्राम पंचायत के धनदारडीही गांव से चुनाव प्रचार की शुरुआत की. इस दिन उन्होंने अलग-अलग इलाकों में पैदल चलकर मतदाताओं से वोट करने को कहा। प्रत्याशी अलुवालिया ने प्रचार के दौरान पत्रकारों के एक समूह से कहा कि मैं यहां की धरती का बेटा हूं. शारीरिक रूप से मैं स्वस्थ और मजबूत हूं। इसलिए मैं पैदल ही मतदाताओं के पास पहुंचा। मुझे चलने के लिए छड़ी या किसी और की मदद की ज़रूरत नहीं है। खनन क्षेत्रों में प्रदूषण, पतन और पुनर्वास पर उम्मीदवार अलुवालिया ने कहा कि खनन क्षेत्रों में प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। इसका समाधान ईसीएल को करना होगा। इसके लिए बहुत सारे पेड़ लगाने की आवश्यकता है। मकान ढहने के बाद हरीशपुर गांव में जाकर ग्रामीणों ने प्रत्याशी को अपनी समस्या बतायी. प्रत्याशी ने कहा कि मतदान के कारण अब चुनावी आचरण के नियम लागू हो गये हैं। इसलिए मैं अब कोई वादा नहीं कर रहा हूं, लेकिन मैं वादा करता हूं कि अगर मैं सांसद के रूप में चुना गया, तो मैं विध्वंस और पुनर्वास के बारे में सक्रिय रहूंगा। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण किया जायेगा. मदनपुर, अंडाल ग्राम पंचायत के बाद अलुवालिया ने इस दिन दक्षिणखंड, खंडरा, उखरा इलाके में भी प्रचार किया। मैं स्वस्थ हूं, मजबूत हूं और चलने के लिए छड़ी या किसी अन्य मदद की जरूरत नहीं है। बीजेपी उम्मीदवार अलुवालिया की इस टिप्पणी पर विवाद खड़ा हो गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उन्होंने आसनसोल में अपने प्रतिद्वंद्वी तृणमूल उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा को धक्का देकर ऐसा कहा। उनका मानना है कि अथर्व ने बिना नाम लिए तृणमूल उम्मीदवार को बीमार कहा है। हालांकि, इस संबंध में तृणमूल उम्मीदवार या तृणमूल पाटी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

## सुप्रीमो ममता ने सेनापति नरेन से अकेले में क्या कहा

**दुर्गापुर।** बदर्वान-दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र के लिए 13 मई को मतदान होगा। मुख्यमंत्री ममता बनजी ने कल भतार में चुनावी जनसभा करने के बाद दुर्गापुर के सिटी सेंटर में एक निजी तीन सितारा होटल में रात बिताई। बुधवार दोपहर 1:10 बजे तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनजी होटल की लॉबी में आईं। उस वक्त होटल की लॉबी में पश्चिम बदर्वान जिले के संगठन के अध्यक्ष और पांडबेश्वर के विधायक नरेंद्रनाथ चक्रवती खड़े थे। उनके कंधों पर दोनों उम्मीदवारों को जिताने की बड़ी जिम्मेदारी है। एक तरफ आसनसोल सांसद फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा के पांडबेश्वर विधानसभा क्षेत्र से लाखों वोटों की बढ़त से जीत हासिल करने के मास्टरमाइंड नरेंद्रनाथ के सामने शत्रुघ्न सिन्हा को दोबारा जिताने की कड़ी चुनौती है तो दूसरी तरफ शत्रुघ्न सिन्हा को दोबारा जिताने की कड़ी चुनौती है। बदर्वान दुर्गापुर लोकसभा सीट बीजेपी से छीनने के बाद तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार कीर्ति आजाद को हर हाल में यहां से जीतना है। दीदी ने होटल की लॉबी में नरेंद्रनाथ चक्रवती से करीब 20 मिनट तक बात की लेकिन पाटी नेता ने अकेले में नरेंद्रनाथ से क्या कहा? आगामी चुनाव में दोनों टीएमसी उम्मीदवारों की किस्मत किस पर निर्भर करती है सबसे महत्वपूर्ण कमांडर नरेंद्रनाथ चक्रवती हैं।



# मालदीव को चीन कर रहा समर्थन जो राष्ट्र के लिए खतरा : सुरेन





**आसनसोल ।** हाल ही में मालदीव जैसे टापू में जो चुनाव परिणाम आया है। वह एक कट्टरवादी चीन के समर्थन द्वारा हुआ है एवं जिस चीन जैसे देश में उस मजहब के लिए कोई आदर सम्मान ही नहीं है। उस देश के इशारे पर मालदीव कार्य कर रहा है। धर्म के नाम पर अपने विकास की चिंता न कर मालदीव का चुनाव परिणाम भारत के खिलाफ है। उक्त बाते राष्ट्र प्रेमी सुरेन जालान ने कही। उन्होंने कहा कि जो चीन की मेहरबानी से हो रहा है। हम भारतीयों को वहां के चुनाव परिणाम को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। बल्कि सभी को एकजुट होकर 2024 के चुनाव में अपने देश में विकास एवं धर्म की रक्षा करते हुए एनडीए सरकार के उम्मीदवार चाहे वह जहां भी हो उन्हें भारी मतों से विजय कराकर भारत के विकास एवं धर्म की रक्षा करते हुए संविधान की रक्षा करते हुए सफलतापूर्वक एनडीए सरकार को विजय बनाना है एवं एनडीए का हाथ मजबूत करना है। यदि आपको इससे अधिक जानकारी प्राप्त करनी हो तो आप गूगल पर जाकर मालदीव का इतिहास सर्च करे। जो एक समय में पूरे विश्व का पर्यटन स्थल हुआ करता था।आज वहां के शासक ने चीन के इशारे पर अधिकतर देशों से स्वयं को अलग-थलग कर लिया है। अभी कुछ दिनों से हमारे देश में भी मालदीव जैसा घोषणा पत्र भारत के कुछ विरोधी पार्टियों ने भारत के कुछ वर्गों को खुश करने के लिए किया है। यह राष्ट्र के लिए खतरा है।

# श्याम सुंदरपुर चंचनी कोलियरी में कलश यात्रा के साथ 24 घंटा अखंड कीर्तन पाठ का शुभारंभ



**उखड़ा।** हनुमान जयंती महोत्सव को लेकर श्याम सुंदरपुर चंचनी कोलियरी में कलश यात्रा के साथ 24 घंटा अखंड कीर्तन पाठ का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्थानीय सैकड़ो महिलाओं एवं पुरुषों ने श्याम सुंदरपुर चंचनी कोलियरी स्थित छठ घाट तालाब से कलश में जल भरकर कलश यात्रा पूरे कोयला क्षेत्र का परिक्रमा कर कलश यात्रा हनुमान मंदिर प्रांगण पहुंची जहां पर विधि विधान के साथ 24 घंटा अखंड कीर्तन पाठ का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के विषय में स्थानीय निवासी विश्वनाथ सिंह राजाराम भगत मिथुन यादव संजय गौड़ मिठू साव दीपू सिंह शंकर भुइया धनंजय हरिजन शेख फखरुद्दीन नसीम अंसारी हरिश्चंद्र हरिजन संजय कुमार आदि ने बताया कि यह कार्यक्रम हनुमान जयंती के उपलक्ष में किया गया जिसमें स्थानीय सैकड़ो महिला एवं पुरुषों ने हिस्सा लिया यह कार्यक्रम सभी के सहयोग से किया जाता है। सभी भक्त इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और इसमें विशेष बात यह है कि इस कार्यक्रम में हिंदू मुस्लिम सभी जाति धर्म एवं मजहब के लोग मिलजुलकर बहुत ही उत्साह के साथ यह भक्ति में कार्यक्रम करते हैं। 24 घंटा अखंड कीर्तन पाठ आज सुबह शुभारंभ किया गया इसका समापन 24 घंटा के बाद महाप्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा।

# कुनुस्तोड़िया इलाके में खड़ी ट्रक के अंदर चालक का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस



**आसनसोल।** कोयला खदान में कोयला परिवहन के लिए खड़ी ट्रक में ट्रक चालक का क्षत-विक्षत शव मिलने से बंसडा ओपन पीट खदान से सटे कुनुस्तोड़िया इलाके में हड़कंप मच गया है। बुधवार की सुबह उस सड़क से गुजर रहें स्थानीय लोगों ने तीव्र गंध महसूस किया और आसपास के सभी लोगों को सूचना दी। फिर सभी ने पुलिस प्रशासन को सूचित किया और पुलिस मौके पर पहुंची ट्रक के केबिन में बिहार के शेखपुरा जिले के 54 वर्षीय बेल कुंडी गांव के रहने वाले शैलेन्द्र प्रसाद का शव बरामद किया। स्थानीय इलाके के लोगों और आसपास के अन्य वाहनों के चालकों का दावा है कि अत्यधिक गर्मी के कारण चालक की मौत हुई होगी, लेकिन उनका यह भी दावा है कि मौत की घटना की जांच के बाद ही सटीक जानकारी सामने आएगी। इस घटना की खबर पाकर बंसड़ा गांव के मुखिया संजय हेम्ब्रम मौके पर आये और उन्होंने भी बचाव कार्य को देखा और पूछा कि एक ड्राइवर इतनी देर तक कार में फंसा रहा और कोई उसे देख नहीं सका। मालूम हो कि प्लांट के स्थानीय इलाके से कोयला लेने के लिए दूर-दूर से गाड़ियां यहां आती हैं, लेकिन कोयले का स्टॉक कम होने पर कई गाड़ियों को खड़ा रहना पड़ता है। कई लोगों को लगता है कि इस तरह की घटना तब हो सकती है जब उस ट्रक का ड्राइवर फंस जाता है। कई लोगों ने फिर से दावा किया है कि उस ट्रक के ड्राइवर की मौत इस भीषण गर्मी में सनस्ट्रोक या किसी अन्य कारण से हुई होगी । लेकिन उन्होंने कहा कि सब कुछ जांच का विषय है। फिलहाल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया है। वहीं, पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और विभिन्न नमूने एकत्र किये। अब पोस्टमॉर्टम के बाद मौत की क्या वजह सामने आ सकती है।

## इलेक्शन कमीशन के चंगुल से बचकर सड़कों पर चल रही कई गाड़ियां, परेशानी बढ़ी



**कोलकाता।** चुनाव के समय सड़कों पर चलने वाली किसी भी गाड़ी को पकड़ कर इलेक्शन ड्यूटी में लगाने के चुनाव आयोग के नियमों की वजह से गाड़ी मालिकों की परेशानियां बढ़ रही हैं। खासकर ऐसे लोगों की जो एक राज्य से दूसरे राज्य में अपनी गाड़ियां लेकर जाते हैं। ऐसे ही पश्चिम बंगाल से बिहार के किशनगंज गए एक ट्रक को पुलिस अधिकारियों ने जबरदस्ती अपने कब्जे में लेकर पहले उसके चालान करने की कोशिश की और जब मीडिया से हस्तक्षेप हुआ तो उसे चुनावी ड्यूटी में लगाने की बात कह कर छोड़ने से मना कर दिया। गाड़ी के मालिक टीटू घोष ने बताया कि अमूमन बिहार में ही बंगाल की गाड़ियों के साथ ऐसा किया जा रहा है। इस बारे में प्रतिक्रिया के लिए चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि गाड़ियों को चुनावी ड्यूटी में लेने का नियम है। यह इमरजेंसी ड्यूटी के तहत आता है। अगर किसी पुलिस अधिकारी ने पहले रुपये वसूली की कोशिश की है तो इस बारे में जांच होगी।

# तृणमूल जिला अध्यक्ष नरेंद्रनाथ ने पेश किया इंसानियत का मिशाल



**पांडवेश्वर।** तृणमूल जिला अध्यक्ष नरेंद्रनाथ चक्रवती ने भाजपा नेता के घर पर दोपहर का भोजन किया। वहीं, चुनावी माहौल में ममता ने बीजेपी पदाधिकारी की पत्नी को बनजी के नाम की साड़ी गिफ्ट की। दूसरी तस्वीर पांडवेश्वर विधानसभा के जेमुआ गांव में देखने को मिली। पिछले पंचायत चुनाव में पंचायत समिति के भाजपा प्रत्याशी धमर्दास गोप हमेशा की तरह विधायक को छोड़कर लंच पर ले गये। धमर्दास बाबू ने कहा, विधायक सभी के लिए होते हैं, चाहे वे किसी भी दल के हों, वह हमारे विधायक हैं। मतभेदों के बावजूद हम उनके काम से प्रभावित हैं। हालांकि मैं बीजेपी कार्यकर्ता हूं, लेकिन मुझे यहां कोई राजनीतिक रंग नजर नहीं आता। वहीं, विधायक ने प्रसन्न मुद्रा में कहा कि भले ही वे वतर्मान में भाजपा के कार्यकर्ता हैं, लेकिन उन्होंने बड़ा दिल दिखाया है और यह उदाहरण होगा। दूसरी ओर, भले ही वह वतर्मान में भाजपा कार्यकर्ता हैं, लेकिन अतीत में वह तृणमूल के सक्रिय आयोजक थे।

# कोयंबटूर बरौनी तथा तांबरम और बरौनी के बीच चलेगी दो साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें

**बरौनी जं. तांबरम साप्ताहिक समर स्पेशल प्रत्येक शनिवार को बरौनी जंक्शन से रवाना होगी और आसनसोल मंडल के बराकर, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी।**



**आसनसोल।** गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए रेलवे ने कोयंबटूर और बरौनी तथा तांबरम एवं बरौनी के बीच दो साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 06059 कोयंबटूर-बरौनी जं. साप्ताहिक समर स्पेशल 23.04.2024 और 25.06.2024 के बीच प्रत्येक मंगलवार (10 ट्रिप) को कोयंबटूर से 11:50 बजे रवाना होगी और यात्रा के तीसरे दिन 14:30 बजे बरौनी जंक्शन पहुंचेगी तथा 06060 बरौनी जं.-कोयंबटूर साप्ताहिक समर स्पेशल 26.04.2024 और 28.06.2024 के बीच प्रत्येक शुक्र वार (10 ट्रिप) को 23:45 बजे बरौनी जंक्शन से रवाना होगी और यात्रा के चौथे दिन 03:45 बजे कोयंबटूर पहुंचेगी। उक्त ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार के आसनसोल मंडल के बराकर, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रु केगी। इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी और शयनयान श्रेणी के डिब्बे होंगे। इसके अलावा, 06061 तांबरम-बरौनी जं. साप्ताहिक समर स्पेशल 25.04.2024 से 27.06.2024 के बीच प्रत्येक गुरु वार को (10 ट्रिप) तांबरम से 18:15 बजे रवाना होगी और यात्रा के तीसरे दिन 13:55 बजे बरौनी जंक्शन पहुंचेगी तथा 06062 बरौनी जं. तांबरम साप्ताहिक समर स्पेशल 27.04.2024 से 29.06.2024 के बीच प्रत्येक शनिवार को (10 ट्रिप) 23:55 बजे बरौनी जंक्शन से रवाना होगी और यात्रा के तीसरे दिन 22:45 बजे तांबरम पहुंचेगी । उक्त ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार के आसनसोल मंडल के बराकर, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रु केगी। उक्त ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी और शयनयान श्रेणी के डिब्बे होंगे।

# स्थानीय लोगों को नौकरी पर रखने को लेकर तृणमूल में आपसी जंग

**आरोप है कि नेताओं-मंत्रियों ने हर संभव कोशिश की, लेकिन उन्हें काम नहीं मिला जबकि बांकुड़ा, बीरभूम पुरुलिया जगहों से बाहरी लोग आकर नौकरी पा रहें है**



**दुर्गापुर।** ममता बनर्जी शहर में हैं, फिर भी तृणमूल बनाम तृणमूल की लड़ाई सतह पर दिखाई दे रही है। घटना दुर्गापुर के कोक ओवन थाना अंतर्गत सागरभांगा इलाके में एक निजी फैक्ट्री में हुई। इस बार स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ताओं का एक समूह ने भर्ती की मांग को लेकर फैक्ट्री के गेट पर तृणमूल का झंडा लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि नेताओं-मंत्रियों ने हर संभव कोशिश की, लेकिन उन्हें काम नहीं मिला जबकि बांकुड़ा, बीरभूम, पुरुलिया जगहों से बाहरी लोगों ने आकर नौकरी पा रहें है, लेकिन तृणमूल कार्यकर्ताओं के आंदोलन के दबाव में 15 मार्च को फैक्ट्री में 10 लोगों की नियुक्ति की गयी। आज सुबह जब कमी सुबह की पाली में काम पर आये तो फैक्ट्री अधिकारियों ने उन्हें रोक दिया, उन्हें वापस कर दिया गया, जिसके बाद उत्तेजित जमीनी कार्यकर्ताओं ने बाहरी लोगों को एक-एक करके फैक्ट्री गेट से बाहर निकाल दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। उनकी शिकायत है कि पाटी नेताओं की गुटबाजी के कारण वे लोग मर रहें है और नेता आराम से बैठे हैं। बांकुड़ा के बारा जोरा के तृणमूल विधायक दुर्गापुर के नेताओं को धमकी दे रहे हैं कि अगर उन्होंने बांकुड़ा के लोगों को घुसने नहीं दिया तो वे दुर्गापुर के लोगों को बांकुड़ा में काम नहीं करने देंगे। अब और नहीं, उन्होंने स्पष्ट किया कि वे गेट नहीं छोड़ेंगे। इस बीच वार्ड नंबर 28 व 29 के तृणमूल कार्यकर्ताओं ने फजीहत से बचने के लिए फैक्ट्री के गेट पर तृणमूल श्रमिक नेता रमजान अली को घेर कर अपना गुस्सा जाहिर किया। वही फैक्ट्री के तृणमूल श्रमिक नेता रमजान अली की टिप्पणी कि की मैं असहाय हूं, पाटी की हालत खराब हो रही है। इस मामले को लेकर चुनावी माहौल में तृणमूल नेतृत्व काफी असमंजस में है।

## संदेशखाली का ममता का नीली आंखों वाला लड़का पिंजरे में बंद है: शुभेंदु



**कोलकाता।** बंगाल भाजपा के वरिष्ठ विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने एक बार फिर शेख शाहजहां को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि ममता बनर्जी का दुलारा शेख शाहजहां जो पहले गरजा करता था वह अब मिमियाने लगा है। इसी तरह से समय बदलता है। शुभेंदु अधिकारी ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर शेख शाहजहां के दो वीडियो शेयर किए। इनमें से एक वीडियो में शाहजहां शुभेंदु अधिकारी और केंद्रीय एजेंसियों को धमकी देता हुआ सुना जा सकता है जबकि दूसरे में वह केंद्रीय एजेंसियों की हिरासत में रोनी सूरत बनाकर धीमी आवाज में मीडिया वालों से बात नहीं करने की गुहार लगा रहा है। इसके साथ शुभेंदु ने लिखा है, समय कैसे बदलता है! संदेशखाली का ममता का नीली आंखों वाला लड़का पिंजरे में बंद है, उसकी दहाड़ फुसफुसाहट में बदल गई है। यह उनके जैसे लोगों के लिए एक सबक है। यह कभी न भूलें कि भारत में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

**शुभेंदु अधिकारी ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर शेख शाहजहां के दो वीडियो शेयर किए। इनमें से एक वीडियो में शाहजहां शुभेंदु अधिकारी और केंद्रीय एजेंसियों को धमकी देता हुआ सुना जा सकता है**

## बाली ब्रिज से युवक ने हुगली नदी में लगाई छलांग, तलाश जारी



**कोलकाता ।** हावड़ा के बाली ब्रिज से बुधवार सुबह एक युवक ने हुगली नदी में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक बुलेट बाइक पर बैठकर किसी से बात कर रहा था और अचानक बाइक पर चढ़कर नदी में छलांग लगा दी। फिलहाल उसका पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की जा रही है। एक प्रत्यक्षदशी ने बताया कि वह बाइक पर बैठकर किसी से बात कर रहा था और रो भी रहा था। रोज की तरह लोग यहां मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। कोई व्यायाम कर रहा था कोई टहल रहा था। इस बीच अचानक वह बाइक पर चढ़ा और नीचे कूद गया। इसके बाद वहां चीख पुकार मच गई थी। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल युवक का परिचय उजागर नहीं हो पाया है। पुलिस उसका पता लगाने की कोशिश कर रही है। दूसरी और नदी में उसकी तलाश भी तेज कर दी गई है।

## नदी में गिरे शिशु का दो दिन बाद शव बरामद



**कूचबिहार।** जिले के तूफानगंज ब्लॉक रायडाक नदी से डेढ़ साल के शिशु के शव को बरामद कर लिया गया है। मृत शिशु का नाम जीशान दास है। दरअसल, डेढ़ साल का जीशान दास अपनी मां की गोद से रायडाक नदी में गिर गया था। जिसके बाद से शिशु के तलाश में तूफानगंज ब्लॉक सिविल डिफेंस के कमी को लगाया गया था। सिविल डिफेंस के कमियों ने शिशु की तलाश शुरू की। सिविल डिफेंस के कमियों ने स्पीड बोर्ड से नदी के चारों बगल शिशु की तलाश शुरू किया, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। इधर, दुसरे दिन स्थानीय लोगों ने शिशु के शव को नदी में बहता हुआ देखा। जिसके बाद तूफानगंज थाने की पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शिशु को नदी से बाहर निकाला। शव परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया। शिशु का शव बरामद होने के बाद से परिवार से लेकर इलाके में मातम छा गया है।

## नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म, पांच गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** सिलीगुड़ी में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में नक्सलबाड़ी थाने की पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना नक्सलबाड़ी स्थित एक चाय बागान की है। घटना से चाय बागान इलाके में सनसनी फैल गई है। सूत्रों के अनुसार, माटीगाड़ा की रहने वाली नाबालिग लड़की पारिवारिक शादी में शमिल होने के लिए सोमवार को परिवार के साथ अपने रिश्तेदार के घर नक्सलबाड़ी के चाय बागान गई थी। शादी के दौरान पांच युवकों ने नाबालिग को चाय बागान ले गए और उसके साथ एक-एक सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़ित नाबालिग ने पूरी बात अपनी मां को बता दी। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने मंगलवार रात को नक्सलबाड़ी थाने में शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत के आधार पर



नक्सलबाड़ी थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांचों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों पर पॉक्सो की धारा के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## तृणमूल सुप्रीमो का दावा : केंद्र में होगा सत्ता परिवर्तन, बीजेपी के साथ नहीं है जनता

**सएए - एनआरसी पश्चिम बंगाल में नहीं होगा लागू : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी**

**बर्दवान।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पूवी बधर्मान के भतार के बाद आउसग्राम और बुदबुद में तृणमूल उम्मीदवारों के समर्थन में बुधवार को दो जनसभा की। मंच से तृणमूल सुप्रीमो ने कहा, ह्वअगर आप 50 दिन की जगह 60 दिन का काम चाहते हैं तो आने वाले दिनों में 60 दिन के काम की व्यवस्था की जाएगी। अल्पसंख्यकों से लेकर अनुसूचित जनजातियों तक, सभी के लिए विकास परियोजनाएं उपलब्ध कराई गई हैं और सभी को परियोजना से लाभ हो रहा है। लक्ष्मी भण्डार मिलने से प्रदेश की महिलाओं को बहुत लाभ हुआ है। तृणमूल ने लोगों के विकास के लिए काम किया है, लेकिन बीजेपी ने कोरोना काल में कोविड इंजेक्शन दिया और उसके बगल में प्रधानमंत्री की तस्वीर लगा दी। ममता बनर्जी ने राजनाथ सिंह पर पलटवार करते हुए कहा, सीएए और एनआरसी को राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। इस दिन पूर्वी बर्दवान जिले के बुदबुद में जनसभा से तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला है। मुख्यमंत्री ने लक्ष्मी भंडार को लेकर कहा, अगर कोई बीजेपी नेता लक्ष्मी भंडार को बंद करने की बात करेगा तो मैं उनकी बात नहीं सुनूंगा। महिलाओं के लिए



शुरू किया गया लक्ष्मी भंडार उन्हें जीवनभर मिलेगा। बीजेपी के पास लक्ष्मी भंडार को बंद करने की ताकत नहीं है। बंगाल की महिलाएं बीजेपी नेताओं को ऐसी चेतावनी देंगी कि बीजेपी दोबारा भारत की सत्ता में नहीं आ सकेगी। बुधवार को पूवी बर्दवान जिले में दो सार्वजनिक बैठकें हुईं। दोपहर एक बजे आउसग्राम में बोलपुर लोकसभा क्षेत्र के तृणमूल प्रत्याशी असित कुमार माल के समर्थन में आयोजित रैली में तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी शामिल हुईं। आउशग्राम के मंच पर बीरभूम और बर्दवान सदर जिले के कई विधायक और तृणमूल कार्यकर्ता मौजूद थे। आउसग्राम में जनसभा से ममता बनर्जी ने कहा, बीजेपी को उत्तर प्रदेश, बिहार या मध्य प्रदेश या राजस्थान से औसतन आधी से भी कम सीटें मिलेंगी। 2024 के चुनाव में देश की जनता परिवर्तन का राग अलाप रही है। उन्होंने कहा, दरअसल, बीजेपी भूल जाती है कि लोगों का समर्थन अब उनके साथ नहीं है। लोगों को अब बीजेपी पर भरोसा नहीं रहा। केवल तृणमूल ही भाजपा को रोक सकती है। तृणमूल सांसदों ने बंगाल के अधिकारों के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। केवल तृणमूल ही भाजपा को करारा जवाब देगी।ह्व इसलिए ममता बनर्जी ने किसी अन्य पाटी को नहीं बल्कि तृणमूल को चुनने का आह्वान किया। ममता बनजी ऑसग्राम की सभा के बाद हेलीकॉप्टर से बुदबुद बाइपास के किनारे आयोजित जनसभा में शामिल हुईं। मंच पर राज्य मंत्री मलय घटक, प्रदीप मजूमदार, स्वपन देबनाथ, तृणमूल के पूर्वी बर्दवान जिले के जिला अध्यक्ष रवींद्रनाथ चट्टोपाध्याय, दक्षिण बंगाल राज्य परिवहन निगम के अध्यक्ष सुभाष मंडल, बर्दवान पूर्व लोकसभा क्षेत्र के लिए तृणमूल उम्मीदवार डॉ. शर्मिला सरकार और बर्दवान दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र के लिए तृणमूल उम्मीदवार कीर्ति आज़ाद सहित जिले के नेता मोजूद रहें।

**अगर कोई बीजेपी नेता लक्ष्मी भंडार को बंद करने की बात करेगा तो मै उनकी बात नही सुनूंगा महिलाओं के लिए शुरू किया गया लक्ष्मी भंडार उन्हें जीवनभर मिलेगा। बीजेपी के पास लक्ष्मी भंडार को बंद करने की ताकत नहीं है: बनर्जी**

## संवैधानिक तौर पर मेरे दौरे को रोकने का अधिकार किसी को भी नहीं : राज्यपाल

**गवर्नर ने कहा कि मेरी प्राथमिकता बंगाल के लोगों के साथ रहना है**

**मेरा ध्यान राज्य में हिंसा के खिलाफ लड़ना है, खासकर चुनाव के दौरान**



**कोलकाता।** अपने उत्तर बंगाल दौरे पर चुनाव आयोग की ओर से रोक लगाए जाने को लेकर राज्यपाल डॉक्टर सी.वी. आनंद बोस ने सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि राज्यपाल होने के नाते संवैधानिक तौर पर मेरे दौरे को रोकने का अधिकार किसी को भी नहीं है। हालांकि उन्होंने यह साफ कर दिया है कि वह उत्तर बंगाल नहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि वह किसी राजनीतिक विवाद में नहीं पड़ना चाहते इसलिए अपना उत्तर बंगाल का दौरा रद्द कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि संविधान के तहत उन्हें आने-जाने की इजाजत मिली हुई है। गवर्नर ने कहा कि मेरी प्राथमिकता बंगाल के लोगों के साथ रहना है। मेरा ध्यान राज्य में हिंसा के खिलाफ लड़ना है, खासकर चुनाव के दौरान। मेरा दौरा इसी मकसद के लिए है, लेकिन गवर्नर के कार्यालय का राजनीतिकरण करने की कोशिश हो रही है। मैं किसी को भी गवर्नर के पद की गरिमा कम नहीं करने दूंगा। आनंद बोस ने आगे कहा कि मैं किसी को भी राजनीतिक शतरंज की बिसात पर मुझे मोहरे के रूप में इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दूंगा। संविधान के तहत कोई भी गवर्नर की आवाजाही पर रोक नहीं लगा सकता है। हालांकि, मैं राजनीतिक विवाद में शामिल नहीं होना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मैं लोगों के लिए ईमेल और फोन के माध्यम से 24 घंटे उपलब्ध हूं। राजनीतिक विवाद को देखते हुए मैं आज अपनी उत्तर बंगाल की यात्रा रद्द कर रहा हूं।

## अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती अपने बेटे को बचाने के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं : ममता बनर्जी

**रायगंज।** अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती कभी तृणमूल के राज्यसभा सांसद थे। आज भाजपा में हैं। वह राज्य में भाजपा के लिए प्रचार कर रहे हैं। तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने एक जनसभा से मिथुन को गद्दार कहा। ममता ने दावा किया कि मिथुन अपने बेटे को बचाने के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं। गुरुवार को रायगंज में तृणमूल की जनसभा से ममता बनर्जी ने मिथुन पर हमला बोला। तृणमूल सुप्रीमो ने कहा कि मिथुन चक्रवर्ती को मैंने राज्यसभा सांसद बनाया। लेकिन मुझे नहीं पता था कि वह बंगाल का एक और बड़ा गद्दार है। वह अपने बेटे को बचाने के लिए सिर झुकाए आरएसएस कार्यालय गए।



डर के मारे वह मुंबई में आरएसएस कार्यालय गए और कहा कि मैं एक सेवक हूं। ममता ने सख्त भाषा में कहा कि जो गंदे हैं, जिनके पास आदर्श नहीं हैं, मैं उन्हें इंसान नहीं मानती। जो लोग लड़ सकते हैं, उन्हें मैं इंसान मानती हूं। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव 2021 से पहले मिथुन भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा का दावा है कि मिथुन चक्रवर्ती के बारे में ऐसी ओछी बात करना ठीक नहीं, उनकी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा नहीं है। भाजपा प्रवक्ता शमिक भट्टाचार्य ने इस संदर्भ में कहा कि मिथुन की वित्तीय ईमानदारी पर कभी कोई सवाल नहीं उठा सकता। वह लंबे समय तक सबसे ज्यादा करदाता रहे। वह एक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता हैं जिनका भारत भर के लोगों के दिलों में स्थान है। उनके मुताबिक, अगर मिथुन की राजनीतिक महत्वाकांक्षा होती तो वह चुनाव लड़ते, राज्यसभा जा सकते थे, लेकिन वह नहीं गए।

## मतदान कर्मियों के लंच पैकेट में बदबू पुलिस ने आपूर्ति कर्ता को किया गिरफ्तार

**बांकुड़ा।** मतदान कर्मी के प्रशिक्षण शिविर में अस्वास्थ्यकर भोजन की आपूर्ति करने के आरोप में पुलिस ने आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार कर लिया। खातड़ा थाने की पुलिस ने भोजन आपूर्तिकर्ता शांतनु मल्लिक को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार, खातड़ा इलाके में कंसावती शिशु विद्यालय और खातड़ा गर्ल्स हाई स्कूल में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वहां मतदान कर्मियों के लिए भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी स्थानीय मिठाई व्यवसायी शांतनु मल्लिक को दी गई थी। मतदान कर्मियों की शिकायत है कि खाने का पैकेट खोलने पर सड़ांध की बदबू आ रही थी। खाने लायक भोजन नहीं मिलने से मतदान कर्मियों में आक्रोश फैल गया। मतदान कर्मियों ने खातड़ा थाने में शिकायत दर्ज करवायी। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सप्लायर शांतनु मल्लिक के खिलाफ धारा 188/269/273 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

